**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2346**
**(10 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी देने में विलंब**

**2346. श्री माथेश्वरन वी. एस.:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तंजावुर जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत 01.04.2024 से पहले रोजगार उपलब्ध कराया गया है और यदि हां , तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या त्यौहारों के मौसम के बावजूद तमिलनाडु में विगत चार महीनों के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कामगारों को मजदूरी नहीं मिली है , यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या कतिपय राज्यों के संबंध में निधियां रोक ली गई हैं और यदि हां , तो इसके राज्य-वार क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

(क): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के तहत वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2024-25 (06.12.2024 की स्थिति के अनुसार) के दौरान तमिलनाडु राज्य (तंजावुर जिले सहित) में सृजित जिलावार श्रम दिवस **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

(ख): तमिलनाडु राज्य के संबंध में भारत सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना के कामगारों की मजदूरी का भुगतान पहले ही जारी किया जा चुका है और दिनांक 04.12.2024 की स्थिति के अनुसार मजदूरी की कोई देयता लंबित नहीं है। दिनांक 04.12.2024 की स्थिति के अनुसार मजदूरी की लंबित देनदारी का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान एक सतत प्रक्रिया है, जैसे ही राज्य सरकार से प्रस्ताव आवश्यक दस्तावेज़ो के साथ प्राप्त होता है, लंबित मजदूरी का भुगतान तुरंत कर दिया जाता है।

(ग): वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 (05.12.2024 की स्थिति के अनुसार) के दौरान, महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्र को मजदूरी, सामग्री और प्रशासनिक आकस्मिकता के लिए 76,776.97 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। इसमें तमिलनाडु राज्य को जारी की गई 7,182.56 करोड़ रुपये की राशि शामिल है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 (05.12.2024 की स्थिति के अनुसार ) के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जारी की गई निधियों का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र -वार ब्यौरा **अनुबंध-III** में दिया गया है।

पश्चिम बंगाल राज्य के संबंध में , केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन न करने के कारण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम , 2005 की धारा 27 के प्रावधानों के अनुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत दिनांक 09 मार्च 2022 से निधियां जारी करना बंद कर दिया गया है।

**अनुबंध-I**

**लोक सभा में दिनांक 10.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2346 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2024-25 (06.12.2024 की स्थिति के अनुसार) के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत तमिलनाडु राज्य में सृजित जिलावार श्रमदिवस | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | तमिलनाडु के जिले | **सृजित श्रमदिवस** | | | | | |
| | | **2024-25** | **2023-24** | **2022-23** | **2021-22** | **2020-21** | **2019-20** |
| 1 | अरियालूर | 4996467 | 7257216 | 3890624 | 4558426 | 4833591 | 2531624 |
| 2 | चेंगलपट्टू* | 4738535 | 13706321 | 13968615 | 13458296 | 10734571 | - |
| 3 | कोयंबटूर | 1756622 | 2883413 | 2917727 | 3755501 | 4466756 | 3321401 |
| 4 | कुड्डालोर | 10243588 | 18834650 | 11915336 | 10601602 | 11409103 | 8886045 |
| 5 | धर्मपुरी | 4864079 | 11829889 | 5593711 | 5110440 | 5742075 | 3415012 |
| 6 | डिंडीगुल | 6075135 | 16434128 | 12488978 | 15922970 | 15648941 | 13824586 |
| 7 | इरोड | 3254171 | 7681605 | 7067166 | 7142460 | 7152808 | 5360103 |
| 8 | कल्लाकुरिची* | 9365078 | 11628559 | 9328634 | 8182014 | 8746259 | - |
| 9 | कांचीपुरम | 3544712 | 9501420 | 9049922 | 9296144 | 8369355 | 19621036 |
| 10 | कन्नियाकुमारी | 1188451 | 2120258 | 2210148 | 2252216 | 2148054 | 1994175 |
| 11 | करूर | 2582502 | 7753617 | 6330004 | 7468272 | 8346712 | 6995361 |
| 12 | कृष्णागिरी | 6780193 | 13493324 | 11337813 | 12165980 | 10712932 | 8166879 |
| 13 | मदुरै | 6906584 | 14428348 | 10730894 | 10771282 | 10644252 | 7066766 |
| 14 | मयिलादुथुराई* | 4229083 | 8392302 | 8344399 | 5594686 | - | - |
| 15 | नागपट्टिनम | 2468440 | 6607446 | 6062668 | 5275441 | 11871934 | 8754316 |
| 16 | नमक्कल | 5855384 | 9603196 | 7050957 | 8603288 | 9758957 | 6737657 |
| 17 | पेरम्बलूर | 2285114 | 5236306 | 3504946 | 3254462 | 3113541 | 1870317 |
| 18 | पुदुक्कोट्टई | 8239167 | 19242697 | 14198630 | 16104027 | 15288412 | 9595245 |
| 19 | रामनाथपुरम | 6075338 | 12882612 | 10068279 | 11735876 | 11998506 | 8146549 |
| 20 | रानीपेट* | 5208170 | 8243007 | 7392868 | 5353346 | 5084620 | - |
| 21 | सलेम | 6965805 | 18019148 | 12015686 | 12148613 | 12351510 | 8563501 |
| 22 | शिवगंगाई | 5679047 | 12361824 | 11522894 | 11355617 | 11217280 | 7791350 |
| 23 | तेनकासी* | 2475770 | 6369326 | 5510413 | 5875232 | 6020978 | - |
| 24 | तंजावुर | 8153854 | 16052476 | 11060031 | 11400473 | 12125529 | 11728933 |
| 25 | नीलगिरी | 718798 | 1093720 | 988267 | 1468960 | 1700490 | 1293964 |
| 26 | थेनी | 1350262 | 2909856 | 1762435 | 2720506 | 2592121 | 1645685 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | थूथुकुडी | 4430633 | 9107024 | 7895179 | 8225683 | 8468964 | 6987588 |
| 28 | तिरुचिरापल्ली | 8684124 | 16839213 | 18229758 | 18702490 | 17582480 | 13013406 |
| 29 | तिरुनेलवेली | 2362972 | 5552631 | 5192564 | 4490156 | 5554626 | 8845795 |
| 30 | तिरुपथुर* | 2596252 | 7531429 | 5760302 | 4127118 | 4711273 | - |
| 31 | तिरुपूर | 3623632 | 7255761 | 7734676 | 8510971 | 8514462 | 7142387 |
| 32 | तिरुवल्लुर | 7786469 | 16897470 | 15474947 | 14993111 | 12736619 | 12532186 |
| 33 | तिरुवन्नामलाई | 14886489 | 31358136 | 25805190 | 25178823 | 25768733 | 16173969 |
| 34 | तिरुवरुर | 2704913 | 7991576 | 5584607 | 6824803 | 9028203 | 6107230 |
| 35 | वेल्लोर | 3898178 | 9114537 | 7952011 | 6664232 | 6413119 | 13076827 |
| 36 | विल्लुपुरम | 12894772 | 19370515 | 17458560 | 23464517 | 13588987 | 10152626 |
| 37 | विरुधुनगर | 6619728 | 13116869 | 11253936 | 12964512 | 9499097 | 7167588 |
| | कुल | **196488511** | **408701825** | **334653775** | **345722546** | **333945850** | **248510107** |

* नए बनाए गए जिले

**अनुबंध-II**

**लोकसभा में दिनांक 10.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2346 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| वर्ष 2024-25 के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत मजदूरी के लिए लंबित देयता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा (04.12.2024 की स्थिति के अनुसार) (रुपये लाख में) | | |
|---|---|---|
| क्र.सं | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | मजदूरी घटक के तहत लंबित देयता |
| 1 | असम | 2498.79 |
| 2 | गुजरात | 5573.40 |
| 3 | मध्यप्रदेश | 13748.50 |
| 4 | मेघालय | 8097.34 |
| 5 | मिजोरम | 1101.86 |
| 6 | नागालैंड | 18796.50 |
| 7 | त्रिपुरा | 8992.86 |
| 8 | पुदुचेरी | 105.01 |
| **कुल** | | **58,914.25** |

**अनुबंध-III**

**लोकसभा में दिनांक 10.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2346 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत वर्ष 2024-25 के दौरान दिनांक 05.12.2024 तक जारी केंद्रीय राशि (रुपये करोड़ में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | मजदूरी, सामग्री और प्रशासनिक घटक के लिए जारी निधि |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 7282.41 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 443.76 |
| 3 | असम | 1701.25 |
| 4 | बिहार | 6456.24 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 2996.56 |
| 6 | गोवा | 2.99 |
| 7 | गुजरात | 1215.72 |
| 8 | हरियाणा | 529.83 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1140.13 |
| 10 | जम्मू एवं कश्मीर | 1015.74 |
| 11 | झारखंड | 2057.99 |
| 12 | कर्नाटक | 5009.86 |
| 13 | केरल | 2838.68 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 5212.39 |
| 15 | महाराष्ट्र | 3868.31 |
| 16 | मणिपुर | 359.87 |
| 17 | मेघालय | 900.69 |
| 18 | मिजोरम | 405.39 |
| 19 | नागालैंड | 236.20 |
| 20 | ओडिशा | 3031.49 |
| 21 | पंजाब | 1127.22 |
| 22 | राजस्थान | 7073.19 |
| 23 | सिक्किम | 86.93 |
| **24** | तमिलनाडु | **7182.56** |
| 25 | तेलंगाना | 3753.68 |
| 26 | त्रिपुरा | 928.99 |

| | | |
|---|---|---|
| 27 | उत्तर प्रदेश | 9272.55 |
| 28 | उत्तराखंड | 535.41 |
| 29 | पुदुचेरी | 39.96 |
| 30 | लद्दाख | 62.86 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 3.77 |
| 32 | लक्षद्वीप | 0.00 |
| 33 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 4.34 |
| | कुल | 76,776.97 |

नोट: जारी निधि में वित्त वर्ष 2023-24 की लंबित देनदारी भी शामिल है

****